8. सर्वनाम

किसी भी नाम की जगह आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम किसी नाम या संज्ञा के बारंबार प्रयोग से भाषा को बोझिल बनने से बचाता है। सर्वनाम सभी शब्दों के लिए एक समान रूप से प्रयोग होते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को सर्वनामों से परिचित करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 35 पर दिए चित्र के वाक्य पढ़वाएँ। इसके लिए कक्षा के दो छात्रों को चुनें। एक छात्र रमन के वाक्य बोले, दूसरा ललित के वाक्य बोले।
- ❖ बच्चों को सर्वनाम विस्तार से समझाएँ।
- ❖ समझाएँ, अपने लिए, दूसरों के लिए तथा अन्यों के लिए अलग-अलग सर्वनाम प्रयोग किए जाते हैं।
- ❖ बच्चों को सर्वनामों की उपयोगिता तथा प्रयोग समझाएँ।
- ❖ सर्वनाम की परिभाषा याद करवाएँ।
- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से सर्वनाम युक्त वाक्यों को स्वयं बनाकर बोलने को कहें।
- ❖ प्रत्येक बच्चे पर ध्यान बनाए रखें। बीच-बीच में देखते रहें कि बच्चे पाठ में रुचि ले रहे हैं या नहीं।
- ❖ बताएँ, पास की एक वस्तु के लिए 'यह', अधिक वस्तु के लिए 'ये' तथा दूर की एक वस्तु के लिए 'वह' एवं अधिक वस्तु के लिए 'वे' प्रयोग करते हैं।
- ❖ 'आपने सीखा' के बिंदुओं द्‌वारा सर्वनाम की दोहराई करवाएँ।
- ❖ बच्चों से पाठ अभ्यास करवाएँ। यदि बच्चे अशुद्‌धि करें तो उन्हें समझाते हुए अशुद्‌धि शोधन करें।